
## Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025


| | |
|---|---|
| Exam Date | 10/02/2025 |
| Exam Time | 3:00 PM - 4:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |


Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**


**Q.1** एक कागज को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर पंच किया (punched) जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✓ 3. 

✗ 4. 

**Q.2** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर ERHT एक निश्चित प्रकार से BLEN से संबंधित है। XSNR ठीक उसी प्रकार UMKL से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए DIOQ दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**

✗ 1. HBGP

✓ 2. ACLK

✗ 3. GHPR

✗ 4. VHMY

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q.3** आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति 1 में - N, O, T और E बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति 2 में - D, A, M और S बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
इस प्रकार, पहली पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर है।
S के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। N के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। S और A के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। O, T के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M, E के सम्मुख नहीं है।
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, एक-दूसरे के सम्मुख बैठे दोनों व्यक्तियों को निरूपित करता है?

**Ans**
✗ 1. N और D
✗ 2. T और M
✗ 3. E और A
✓ 4. O और S

**Q.4** शब्द KNIFERS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से दूसरे अक्षर और दाएं से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर होते हैं?

**Ans**
✗ 1. 6
✗ 2. 8
✗ 3. 10
✓ 4. 7

**Q.5** अँग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

RFG THI VJK XLM ?

**Ans**
✗ 1. ZNP
✓ 2. ZNO
✗ 3. YNO
✗ 4. ZMO

**Q.6** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FILE" को '6312' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'LIVE' को '3241' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'V' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

**Ans**
✗ 1. 1
✗ 2. 3
✓ 3. 4
✗ 4. 6

**Q.7** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
✗ 1. RTU
✓ 2. UWY
✗ 3. GIJ
✗ 4. CEF

Adda247

Q.8 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि ‘A, B की पुत्री है’,
'A – B' का अर्थ है कि ‘A, B का भाई है’,
'A × B' का अर्थ है कि ‘A, B की पत्नी है’ और
'A ÷ B' का अर्थ है कि ‘A, B का पिता है’।


यदि ‘P + Q – R × S ÷ T’ है, तो उपरोक्त के आधार पर, P का T से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई की पत्नी
2. मां के भाई की पुत्री
3. भाई की पुत्री
4. मां के भाई की पत्नी


Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play


Q.9 दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को LM पर रखने पर बनेगा।





Ans

❌ 1. 

❌ 2. 

❌ 3. 


✔ 4. 

**Q.10** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?


28 34 44 58 76 ?


**Ans**
1. 107 ✗
2. 114 ✗
3. 91 ✗
4. 98 ✓


**Q.11** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

**Q.12** सात व्यक्ति, L, M, N, O, W, X और Y, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। N के दाएं कोई नहीं बैठा है। N और X के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X और W के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। M, L के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। Y, L के ठीक दाएं बैठा है। O और W के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
1. दो ✗
2. तीन ✓
3. चार ✗
4. एक ✗

Q.13 यदि '+' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए तथा '–' और '×' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

9 − 4 × 58 + 2 ÷ 22 =?

Ans
1. 35 ✗
2. 32 ✗
3. 29 ✓
4. 25 ✗

Q.14 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:

सभी अभिनेता, लेखक हैं।
कुछ लेखक, नर्तक हैं।
कुछ नर्तक, सितारे हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ सितारे, अभिनेता हैं।
(II): कुछ नर्तक, अभिनेता हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। ✗
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✗
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✓
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✗

Q.15 अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर तार्किक रूप से शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

_GCE G_FH JM_K MPL_ PSO_

Ans
1. DJINQ ✓
2. CKHMR ✗
3. DKIMQ ✗
4. CJHNQ ✗

Q.16 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'here I come' को 'ls rc tp' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'I am going' को 'rc as bo' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

Ans
1. ls ✗
2. rc ✓
3. bo ✗
4. as ✗

Q.17 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, NSBX, किसी निश्चित प्रकार से QQZA से संबंधित है। OKIR, ठीक उसी प्रकार, RIGU से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DTAF, निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?


Ans
1. FUZH ✗
2. HSBG ✗
3. GRYI ✓
4. HSZJ ✗

Adda247

Adda247

GET IT ON Google Play

Q.18 एक पासे के फलकों पर U, V, W, X, Y और Z अक्षर अंकित हैं। नीचे एक ही पासे की दो अलग-अलग स्थितियाँ दी गई हैं। उस अक्षर का चयन कीजिए, जो फलक X के विपरीत फलक पर होगा।




Ans
1. V
2. U
3. W ✔
4. Y

Q.19 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?


879 880 883 888 895 ?


Ans
1. 901
2. 904 ✔
3. 903
4. 902


Q.20 उस वेन आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।


बहन, भाई, मित्र

Ans

1. 

2. 

3. ✔ 

4. 

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 विकास के उच्च स्तर पर कौन-सा क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में अधिक योगदान देता है?

Ans
1. उद्योग
2. कृषि
3. सेवा ✔
4. विदेश

| | |
|---|---|
| Q.2 | भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में साक्षरता दर सबसे अधिक है? |
| Ans | ✔ 1. केरल<br>✘ 2. असम<br>✘ 3. गोवा<br>✘ 4. तमिलनाडु |

| | |
|---|---|
| Q.3 | पंडित ईश्वरी प्रसाद, कथक के निम्नलिखित में से किस घराने से संबंधित थे? |
| Ans | ✘ 1. रायगढ़ घराने<br>✔ 2. लखनऊ घराने<br>✘ 3. बनारस घराने<br>✘ 4. जयपुर घराने |

| | |
|---|---|
| Q.4 | आईपीएल (IPL) 2023 में किस खिलाड़ी को पर्पल कैप मिली? |
| Ans | ✘ 1. राशिद खान<br>✘ 2. मोहित शर्मा<br>✔ 3. मोहम्मद शमी<br>✘ 4. पीयूष चावला |

| | |
|---|---|
| Q.5 | सरहुल उत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है? |
| Ans | ✘ 1. हिमाचल प्रदेश<br>✔ 2. झारखंड<br>✘ 3. उत्तर प्रदेश<br>✘ 4. उत्तराखंड |

| | |
|---|---|
| Q.6 | संवैधानिक निकाय और उसके नोडल मंत्रालय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है? |
| Ans | ✔ 1. संघ लोक सेवा आयोग - कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय<br>✘ 2. अंतर राज्य परिषद - वित्त मंत्रालय<br>✘ 3. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग - जनजातीय कार्य मंत्रालय<br>✘ 4. भारत के अटॉर्नी जनरल - गृह मंत्रालय |

| | |
|---|---|
| Q.7 | 20 जुलाई 1969 को अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग किसके साथ चंद्रमा पर उतरने वाले पहले मानव बने? |
| Ans | ✘ 1. यूरी गागरिन (Yuri Gagarin)<br>✘ 2. जॉन ग्लेन (John Glenn)<br>✘ 3. एलन शेपर्ड (Alan Shepard)<br>✔ 4. एडविन एल्ड्रिन (Edwin Aldrin) |

| | |
|---|---|
| Q.8 | 'वाणिज्य (commerce)' शब्द मुख्यत: किसे संदर्भित करता है? |
| Ans | ✘ 1. कृषि गतिविधियों को<br>✘ 2. वस्तुओं के उत्पादन को<br>✔ 3. वस्तुओं के वितरण को<br>✘ 4. वस्तुओं के विनिर्माण को |

| | |
|---|---|
| Q.9 | पोरिफेरा संघ (phylum Porifera) का कौन-सा सदस्य हमारे ग्रह पर अभी भी विद्यमान सबसे पुराना मेटाज़ोअन समूह (metazoan group) है? |
| Ans | ✘ 1. साइकॉन (Sycon)<br>✘ 2. एनीमोन (Anemones)<br>✘ 3. हाइड्रा (Hydra)<br>✔ 4. स्पॉन्ज (Sponges) |

**Q.10** केनेसियन अर्थशास्त्र (Keynesian economics) के संदर्भ में, अति-सक्रिय अर्थव्यवस्था (overheated economy) के लिए सरकार की एक आदर्श प्रतिक्रिया क्या होगी?

Ans
- ✗ 1. सरकारी व्यय में वृद्धि कर देना
- ✓ 2. संकुचनकारी राजकोषीय नीतियों को लागू करना
- ✗ 3. करो में कमी करना
- ✗ 4. उपभोक्ता व्यय को प्रोत्साहित करना

**Q.11** सितंबर 2024 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, ब्रिगेडियर (डॉ.) बी.डी. मिश्रा (सेवानिवृत्त) निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल हैं?

Ans
- ✗ 1. जम्मू और कश्मीर
- ✗ 2. पुडुचेरी
- ✗ 3. दिल्ली
- ✓ 4. लद्दाख

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा गीत किशोर कुमार द्वारा नहीं गाया गया था?

Ans
- ✗ 1. कोरा कागज़ था ये मन मेरा
- ✓ 2. यारी है इमाम मेरा यार मेरी जिंदगी
- ✗ 3. देखा एक ख़्वाब
- ✗ 4. गाता रहे मेरा दिल

**Q.13** वह अवधि जब हम लगभग 12,000 वर्ष पूर्व से लेकर लगभग 10,000 वर्ष पूर्व तक पर्यावरणीय परिवर्तन पाते हैं, उसको क्या कहते है?

Ans
- ✓ 1. मध्यपाषाण (Mesolithic)
- ✗ 2. लघुपाषाण (Microliths)
- ✗ 3. नवपाषाण (Neolithic)
- ✗ 4. पुरापाषाण (Palaeolithic)

**Q.14** भारत के प्रधानमंत्री ने 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (Dharti Aaba Janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan)' कब लॉन्च किया?

Ans
- ✗ 1. जुलाई 2024
- ✗ 2. दिसंबर 2024
- ✗ 3. नवम्बर 2024
- ✓ 4. अक्टूबर 2024

**Q.15** किसी विशेष नदी या झील में अपवाहित होने वाली भूमि के क्षेत्र का वर्णन करने के लिए किस शब्द का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. डेल्टा (Delta)
- ✓ 2. जल-संभर (Watershed)
- ✗ 3. मुहाना (Estuary)
- ✗ 4. जलाशय (Reservoir)

**Q.16** एक सर्व को नेट से 1.98 m (6.5 ft) दूर स्थित शॉर्ट सर्विस लाइन से गुजरना चाहिए। 'शॉर्ट सर्विस लाइन' (Short Service Line) _____ में एक लाइन है।

Ans
- ✗ 1. टेबल टेनिस
- ✗ 2. टेनिस
- ✓ 3. बैडमिंटन
- ✗ 4. स्क्वाश

Adda247

Q.17 भारतीय संविधान के किस संशोधन के माध्यम से शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में नामित किया गया था?

Ans
1. 42वें संशोधन ✗
2. 61वें संशोधन ✗
3. 86वें संशोधन ✓
4. 73वें संशोधन ✗

Q.18 नृत्य और संगीत की थेय्यम आनुष्ठानिक कला शैली (Theyyam ritual art form) से संबंधित नारायणन ई. पी. को किस वर्ष पद्मश्री से सम्मानित किया गया था?

Ans
1. 2020 ✗
2. 2022 ✗
3. 2024 ✓
4. 2018 ✗

Q.19 ब्रिटिश सरकार ने तीसरे गोलमेज सम्मेलन की संस्तुतियों के आधार पर श्वेत पत्र (White Paper) निम्नलिखित में से किस वर्ष प्रकाशित किया था?

Ans
1. 1931 ✗
2. 1933 ✓
3. 1934 ✗
4. 1932 ✗

Q.20 आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना किस तिथि को आरंभ की गई थी?

Ans
1. 1 नवंबर 2023 ✗
2. 1 अक्टूबर 2015 ✗
3. 31 अक्टूबर 2021 ✗
4. 1 अक्टूबर 2020 ✓

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 यदि पेट्रोल की कीमत ₹90/लीटर से बढ़कर ₹110/लीटर हो जाती है, तो किसी व्यक्ति को अपनी खपत कितने प्रतिशत कम करनी होगी ताकि पेट्रोल पर उसका खर्च समान रहे (दशमलव के दो स्थान तक लगभग मान दीजिए)?

Ans
1. 18.18% ✓
2. 78.78% ✗
3. 81.81% ✗
4. 25.25% ✗

Q.2 वह छोटी से छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात कीजिए, जो 11, 6, 55 और 9 से विभाज्य हो।

Ans
1. 1032 ✗
2. 921 ✗
3. 1054 ✗
4. 990 ✓

Q.3 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(14 \div 2) \times \left\{\frac{14}{7} + \frac{40}{3} \times (7 - 4)\right\}\right]$$

Ans
1. 310 ✗
2. 274 ✗
3. 277 ✗
4. 294 ✓

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.4 नितिन के पास ₹1224 हैं। उन्होंने इसे अपने बेटों प्रवीण और ऋषि के बीच बांट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाले 4% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि प्रवीण और ऋषि को क्रमशः 14 और 15 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। नितिन ने ऋषि को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
- ✗ 1. 624
- ✗ 2. 724
- ✗ 3. 450
- ✓ 4. 600

Q.5 मूल्यांकन कीजिए : 16 + 12 ÷ 3 - 2 × 4

Ans
- ✗ 1. 11
- ✗ 2. 15
- ✓ 3. 12
- ✗ 4. 14

Q.6 एक व्यक्ति 3 km/hr की चाल से सूरत से जयपुर जाता है तथा उसी मार्ग से 15 km/hr की चाल से सूरत वापस आता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 1
- ✗ 2. 6
- ✗ 3. 8
- ✓ 4. 5

Q.7 एक दुकानदार ने ₹500 में एक वस्तु खरीदी। 30% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर बेचना चाहिए?

Ans
- ✗ 1. 350
- ✗ 2. 638
- ✓ 3. 650
- ✗ 4. 662

Q.8 किरण, महेश और राम का औसत भार 46 kg है। यदि किरण और महेश का औसत भार 40 kg है तथा महेश और राम का औसत भार 47 kg है, तो महेश का भार (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 56
- ✗ 2. 46
- ✓ 3. 36
- ✗ 4. 51

Q.9 एक साइकिल चालक 2 घंटे, 15 km/hr की चाल से साइकिल चलाता है और फिर 3 घंटे, 20 km/hr की चाल से साइकिल चलाता है। पूरी यात्रा के दौरान साइकिल चालक की औसत चाल (km/hr में) कितनी है?

Ans
- ✗ 1. 16
- ✗ 2. 19
- ✗ 3. 20
- ✓ 4. 18

Q.10 एक दुकानदार अपने ग्राहकों को छूट की 3 स्कीम ऑफर करता है। निम्नलिखित में से कौन-सी स्कीम, न्यूनतम छूट प्रतिशत दिलाएगी?
A. 25% और 32% की दो क्रमिक छूट।
B. 8 खरीदें और दो मुफ़्त पाएं।
C. 8 खरीदें और 10 पाएं।

Ans
- ✗ 1. केवल C
- ✗ 2. केवल A
- ✗ 3. केवल B
- ✓ 4. B और C दोनों

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.11** एक जिले की जनसंख्या 384000 है, जिसमें 192000 पुरुष हैं। 69% जनसंख्या साक्षर है। यदि 53% पुरुष साक्षर हैं, तो साक्षर महिलाओं का प्रतिशत कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. 82%
- ✗ 2. 84%
- ✓ 3. 85%
- ✗ 4. 87%

**Q.12** मूल्यांकन कीजिए : (-9) - (-60) ÷ (-15) + (-4) × 8

Ans
- ✗ 1. -44
- ✗ 2. -47
- ✓ 3. -45
- ✗ 4. -48

**Q.13** ₹1250 प्रति सैकड़े की दर पर 400 चीकू खरीदे गए और ₹800 के लाभ पर बेचे गए। प्रति दर्जन चीकू का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात करें।

Ans
- ✗ 1. 189
- ✓ 2. 174
- ✗ 3. 184
- ✗ 4. 164

**Q.14** यदि समान ब्याज दर पर, 2 वर्ष में, साधारण ब्याज ₹40 तथा चक्रवृद्धि ब्याज ₹56 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 18
- ✓ 2. 25
- ✗ 3. 20
- ✗ 4. 29

**Q.15** एक धारा की चाल 6 km/h है। एक नाव धारा के अनुकूल 56 km और धारा के प्रतिकूल 39 km की दूरी 7 घंटे में तय कर सकती है। स्थिर जल में नाव की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 7
- ✗ 2. 22
- ✗ 3. 13
- ✓ 4. 15

**Q.16** किसी विद्युत उपकरण की बिजली खपत, अनुप्रयुक्त वोल्टता के वर्ग के अनुक्रमानुपाती है। यदि उपकरण 120 वोल्ट वोल्टता होने पर 150 वाट की खपत करता है, तो 240 वोल्ट पर यह कितनी बिजली (वाट में) खपत करेगा?

Ans
- ✗ 1. 550
- ✓ 2. 600
- ✗ 3. 650
- ✗ 4. 500

**Q.17** P और Q किसी कार्य को क्रमशः 28 दिन और 35 दिन में पूरा कर सकते हैं। P कार्य करना आरंभ करता है और वे बारी-बारी से एक-एक दिन कार्य करते हैं। संपूर्ण कार्य कितने दिनों में पूरा हो जाएगा?

Ans
- ✓ 1. 31
- ✗ 2. 21
- ✗ 3. 27
- ✗ 4. 18

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.18** वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर मोहन ₹5400 की राशि का निवेश करता है और वरुण ₹9400 की राशि का निवेश करता है। यदि 6 वर्ष के अंत में, वरुण को मोहन से ₹480 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 2.5
✗ 2. 3
✗ 3. 4
✓ 4. 2

**Q.19** 3, 6, 12 और b लगातार समानुपात (continued proportion) में हैं, तो b का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. $b = 4$
✓ 2. $b = 24$
✗ 3. $b = 12$
✗ 4. $b = 2$

**Q.20** $3\sqrt{2}$ cm त्रिज्या वाले गोले का आयतन कितना होगा?

**Ans**
✗ 1. $70\sqrt{2}\pi$ $cm^3$
✗ 2. $71\sqrt{2}\pi$ $cm^3$
✗ 3. $73\sqrt{2}\pi$ $cm^3$
✓ 4. $72\sqrt{2}\pi$ $cm^3$

Section : **Part-D-English**

**Q.1** Identify the sentence with the INCORRECT usage of the adverb.

**Ans**
✗ 1. The teacher evaluated all the answer scripts angrily.
✓ 2. The teacher evaluated all the answer scripts figurative.
✗ 3. The teacher evaluated all the answer scripts justly.
✗ 4. The teacher evaluated all the answer scripts appropriately.

**Q.2** Select the INCORRECTLY spelt word.

**Ans**
✗ 1. Occasionally
✗ 2. Frequently
✓ 3. Fortnitly
✗ 4. Quarterly

**Q.3** Fill in the blank with the most appropriate ANTONYM of the word given in brackets.
There's no way he'd (consent) __________ to travel all the way from Boston.

**Ans**
✗ 1. ratify
✓ 2. dissent
✗ 3. decide
✗ 4. authorise

**Q.4** The given sentence is divided into four segments. Select the option that has the segment with an adverbial usage error.

frequent, / Clara fled / from the / angry dog.

**Ans**
✗ 1. Clara fled
✗ 2. angry dog.
✓ 3. frequent,
✗ 4. from the

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.5** In the sentence 'The leader's speech was invigorating', what is the most appropriate ANTONYM of the word 'invigorating'?

**Ans**
- ✗ 1. Suspicious
- ✗ 2. Refreshing
- ✗ 3. Evocative
- ✓ 4. Dull

**Q.6** Select the most appropriate option to fill in the blank.

Many trees have growth rings that we can count and measure to ________ out how old they are and how fast they are growing.

**Ans**
- ✗ 1. search
- ✗ 2. bring
- ✓ 3. find
- ✗ 4. look

**Q.7** Select the appropriate synonym of the given word.

Abandon

**Ans**
- ✗ 1. Preserve
- ✗ 2. Maintain
- ✓ 3. Relinquish
- ✗ 4. Retain

**Q.8** Select the most appropriate meaning of the given idiom.

ABC

**Ans**
- ✗ 1. Complete failure
- ✗ 2. Fair and honest
- ✓ 3. Very common knowledge
- ✗ 4. To be ready

**Q.9** Select the word from among the given options that is closest in meaning to the underlined word in the given sentence.

Sheela was <u>grateful</u> for the support her colleagues provided during a difficult time.

**Ans**
- ✗ 1. Creative
- ✗ 2. Spontaneous
- ✗ 3. Undecided
- ✓ 4. Thankful

**Q.10** Select the most appropriate meaning of the highlighted word in the given sentence.

The children decorated the classroom with a mellow yellow paint, creating a calming atmosphere for reading time.

**Ans**
- ✗ 1. bright and sunny
- ✗ 2. dark and gloomy
- ✓ 3. soft and pleasant
- ✗ 4. rough and textured

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.11** **Fill in the blank with the suitable option.**

**We must __________ on our spiritual journey by first understanding the grace and significance of a pilgrimage.**

**Ans**
- ✗ 1. launch
- ✗ 2. embitter
- ✗ 3. embrace
- ✓ 4. embark

**Q.12** **Fill in the blank with the most suitable collocation.**

**They are_____________ on the current projects of constructions.**

**Ans**
- ✓ 1. making progress
- ✗ 2. having progress
- ✗ 3. make progress
- ✗ 4. inviting progress

**Q.13** **Select the option that rectifies the spelling error in the given sentence.**
**The students have coordialy invited the teachers for their Freshers' function.**

**Ans**
- ✗ 1. cordaily
- ✓ 2. cordially
- ✗ 3. coordially
- ✗ 4. cordialy

**Q.14** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Despite the _______________ weather, the festival was a huge success.**

**Ans**
- ✓ 1. inclement
- ✗ 2. temperate
- ✗ 3. mild
- ✗ 4. balmy

**Q.15** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**

**The (1)___ conference room was (2)___ with comfortable chairs, sleek tables and advanced multimedia systems for presentations, creating a professional (3)___ for meetings.**

**Ans**
- ✓ 1. (1) spacious ; (2) equipped ; (3) environment
- ✗ 2. (1) equipped ; (2) environment ; (3) spacious
- ✗ 3. (1) environment ; (2) equipped ; (3) spacious
- ✗ 4. (1) spacious; (2) environment; (3) equipped

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

During the Renaissance, artists focused (1)______ depicting the beauty of the human form and nature. They (2)______ to capture realism, using techniques like chiaroscuro to create depth and shadow. This period saw a shift (3)______ religious themes to a celebration of individualism and classical knowledge. Artists like Leonardo da Vinci and Michelangelo left an incredible mark, (4)________ art (5)______ centuries.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans**
- ✓ 1. on
- ✗ 2. at
- ✗ 3. with
- ✗ 4. in

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

During the Renaissance, artists focused (1)______ depicting the beauty of the human form and nature. They (2)______ to capture realism, using techniques like chiaroscuro to create depth and shadow. This period saw a shift (3)______ religious themes to a celebration of individualism and classical knowledge. Artists like Leonardo da Vinci and Michelangelo left an incredible mark, (4)________ art (5)______ centuries.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans**
- ✗ 1. was aiming
- ✓ 2. aimed
- ✗ 3. were aiming
- ✗ 4. had aimed

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

During the Renaissance, artists focused (1)______ depicting the beauty of the human form and nature. They (2)______ to capture realism, using techniques like chiaroscuro to create depth and shadow. This period saw a shift (3)______ religious themes to a celebration of individualism and classical knowledge. Artists like Leonardo da Vinci and Michelangelo left an incredible mark, (4)________ art (5)______ centuries.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans**
- ✓ 1. from
- ✗ 2. around
- ✗ 3. through
- ✗ 4. along

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

During the Renaissance, artists focused (1)______ depicting the beauty of the human form and nature. They (2)______ to capture realism, using techniques like chiaroscuro to create depth and shadow. This period saw a shift (3)______ religious themes to a celebration of individualism and classical knowledge. Artists like Leonardo da Vinci and Michelangelo left an incredible mark, (4)________ art (5)______ centuries.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans**
- ✗ 1. instill
- ✓ 2. influencing
- ✗ 3. encourage
- ✗ 4. motivate

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

During the Renaissance, artists focused (1)______ depicting the beauty of the human form and nature. They (2)______ to capture realism, using techniques like chiaroscuro to create depth and shadow. This period saw a shift (3)______ religious themes to a celebration of individualism and classical knowledge. Artists like Leonardo da Vinci and Michelangelo left an incredible mark, (4)________ art (5)______ centuries.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans**
- ✓ 1. for
- ✗ 2. after
- ✗ 3. by
- ✗ 4. on

Adda247 GET IT ON Google Play

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** दिए गए वाक्यों के रेखांकित शब्दों के आधार पर संज्ञा की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य का चयन करें-

Ans
- ✔ 1. शमा तो बहुत ही भोली है।
- ✘ 2. तुमने अच्छा काम किया है, तुम्हें शाबाशी मिलनी चाहिए।
- ✘ 3. अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है।
- ✘ 4. अपने स्वभाव में विनम्रता रखना उत्तम रीति है।

**Q.2** निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और रेखांकित शब्द का पर्यायवाची अर्थ लिखें।
पिताजी इस बात से बेखबर थे कि उनका कोई पीछा करता है।

Ans
- ✘ 1. लुप्त
- ✔ 2. गाफिल
- ✘ 3. अजानकार
- ✘ 4. बेनज़ीर

**Q.3** निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और बताएं कि प्रस्तुत विकल्पों में से कौनसा विकल्प रेखांकित शब्द का विलोम शब्द है?

इस व्यवहार की मै निंदा करता हूँ।

Ans
- ✘ 1. स्तूती
- ✘ 2. कृतघ्न
- ✘ 3. दुःख
- ✔ 4. स्तुति

**Q.4** 'इंद्रियों को वश में रखने वाला'
उपरोक्त वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-

Ans
- ✔ 1. इंद्रियजित
- ✘ 2. इंदियातीत
- ✘ 3. इंद्रियानिग्रह
- ✘ 4. इंद्राणी

**Q.5** 'भेड़ चाल होना' मुहावरे का सही अर्थ इनमें से क्या होगा?

Ans
- ✘ 1. भेड़ के साथ चलना
- ✘ 2. भेड़ चराना
- ✘ 3. भेड़ पालना
- ✔ 4. बिना विचार के अनुगामी होना

**Q.6** निम्नलिखित में से किस वाक्य में एक दूसरे के उचित विलोम शब्द का प्रयोग नहीं है?

Ans
- ✘ 1. मैं मौखिक और लिखित दोनों परीक्षा में सफल हो रहा।
- ✘ 2. पराधीन भारत को स्वाधीन करने के लिए कई लोग शहीद हुए।
- ✘ 3. मैं उसका ऋणी अवश्य था परंतु अब उऋण हो गया।
- ✔ 4. सुधीर नहीं होना चाहिए , धीर व्यक्ति ही सफल होते हैं।

**Q.7** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का नाम स्त्रीलिंग में होता है?

Ans
- ✘ 1. पीतल
- ✔ 2. चाँदी
- ✘ 3. काँसा
- ✘ 4. सोना

Adda247

Q.8 रिक्त स्थान की पूर्ति सार्थक शब्द युग्म से करें-

जीवन में हमेशा... लगा ही रहता है।

Ans
1. मेला
2. राग- विराग
3. अनाप-शनाप
4. ऊबड़- खाबड़

Q.9 तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस की ________ चारों दिशाओं में फैली है। रिक्त स्थान की पूर्ति तत्सम शब्द द्वारा कीजिए।

Ans
1. कीरति
2. किर्ती
3. किरती
4. कीर्ति

Q.10 दिए गये वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए | सभी विद्यार्थियों अपनी-अपनी पढ़ने की किताबें निकालें |

Ans
1. निकालें |
2. अपनी-अपनी
3. पढ़ने की किताबें
4. सभी विद्यार्थियों

Q.11 वर्तनी की दृष्टि से दिए गए वाक्य के त्रुटि वाले अंश को पहचानें—

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार विधायिका के प्रति उत्तरदाई होती है।

Ans
1. लोकतांत्रिक व्यवस्था में
2. होती है।
3. के प्रति उत्तरदाई
4. सरकार विधायिका

Q.12 'जो किये जाने योग्य हो'
उपरोक्त वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-

Ans
1. कर्शित
2. करणीय
3. कर्षणीय
4. अनुकरणीय

Q.13 **निम्नलिखित वाक्य में वर्तनी संबंधी त्रुटि की पहचान कर शुद्ध वाक्य का चयन करें।**

**मदारी के ईशारों पर बंदर करतब दिखा रहा था।**

Ans
1. मदारि के इशारों पर बंदर करतब दिखा रहा था।
2. मदारी के ईशारों पर बंदर करतब दिखा रही थी।
3. मदारी के इशारों पर बंदर करतब दिखा रहा था।
4. मदारि के ईशारों पर बंदर करतब दिखा रहा था।

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.14** **निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द चुनिए -**
**साथ-साथ पढ़ाई किए हुए**

**Ans**
✔ 1. सहपाठी
✘ 2. सहभागी
✘ 3. सहकर्मी
✘ 4. सहयात्री

**Q.15** **'वरदान' शब्द का विलोम क्या होगा?**

**Ans**
✘ 1. अनुदान
✔ 2. अभिशाप
✘ 3. देय
✘ 4. वर

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।

गांधीजी ने दोनों को – प्रत्यक्ष को अप्रत्यक्ष से, दृश्य को अदृश्य से, बाह्य को अंतर से जोड़कर भारतीय अनुभव को पूरी समग्रता से जीने का प्रयास किया था| उन्होंने बाह्य को सिर्फ इसलिए नहीं नकारा, कि वह हमारे जीवन का सांसारिक पहलू है, न ही वे अदृश्य से सिर्फ इसलिए सम्मोहित हुए कि उसमें सब-कुछ शाश्वत और पवित्र है, बल्कि उन्होंने समूचे भारतीय यथार्थ को एक अखंडित सत्य की तरह स्वीकार किया| वह हमारे परोक्ष को प्रत्यक्ष से, हमारे विश्वास को व्यवहार में बदलना चाहते थे ताकि हम इतिहास में अपने गौरव और अपनी शर्तों पर जी सकें| वह अपने प्रयास में असफल नहीं हुए, हम ही उनकी संभावनाओं तक पहुँचने में असफल रहे, किन्तु जो विकल्प उन्होंने सुझाया था, वह आज भी उतना जीवित और गौरवपूर्ण है, जितना पहले था| वह भारतीय संस्कृति का स्वप्न है जिससे आज समूची मानव-जाति की नियति जुड़ी है| क्या समय रहते हम उसे चुनने का साहस जुटा पायेंगे?

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा?**

**Ans**
✔ 1. गाँधी-मार्ग
✘ 2. भातीय अनुभव
✘ 3. प्रत्यक्ष-परोक्ष
✘ 4. मानव-जाति

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।

गांधीजी ने दोनों को – प्रत्यक्ष को अप्रत्यक्ष से, दृश्य को अदृश्य से, बाह्य को अंतर से जोड़कर भारतीय अनुभव को पूरी समग्रता से जीने का प्रयास किया था| उन्होंने बाह्य को सिर्फ इसलिए नहीं नकारा, कि वह हमारे जीवन का सांसारिक पहलू है, न ही वे अदृश्य से सिर्फ इसलिए सम्मोहित हुए कि उसमें सब-कुछ शाश्वत और पवित्र है, बल्कि उन्होंने समूचे भारतीय यथार्थ को एक अखंडित सत्य की तरह स्वीकार किया| वह हमारे परोक्ष को प्रत्यक्ष से, हमारे विश्वास को व्यवहार में बदलना चाहते थे ताकि हम इतिहास में अपने गौरव और अपनी शर्तों पर जी सकें| वह अपने प्रयास में असफल नहीं हुए, हम ही उनकी संभावनाओं तक पहुँचने में असफल रहे, किन्तु जो विकल्प उन्होंने सुझाया था, वह आज भी उतना जीवित और गौरवपूर्ण है, जितना पहले था| वह भारतीय संस्कृति का स्वप्न है जिससे आज समूची मानव-जाति की नियति जुड़ी है| क्या समय रहते हम उसे चुनने का साहस जुटा पायेंगे?

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **गांधीजी ने दोनों को – प्रत्यक्ष को अप्रत्यक्ष से, दृश्य को अदृश्य से, बाह्य को अंतर से जोड़कर किस अनुभव को पूरी समग्रता से जीने का प्रयास किया था?**

**Ans**
✔ 1. भारतीय अनुभव
✘ 2. विदेशी अनुभव
✘ 3. अमेरिकी अनुभव
✘ 4. यूरोपीय अनुभव

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।

गांधीजी ने दोनों को – प्रत्यक्ष को अप्रत्यक्ष से, दृश्य को अदृश्य से, बाह्य को अंतर से जोड़कर भारतीय अनुभव को पूरी समग्रता से जीने का प्रयास किया था| उन्होंने बाह्य को सिर्फ इसलिए नहीं नकारा, कि वह हमारे जीवन का सांसारिक पहलू है, न ही वे अदृश्य से सिर्फ इसलिए सम्मोहित हुए कि उसमें सब-कुछ शाश्वत और पवित्र है, बल्कि उन्होंने समूचे भारतीय यथार्थ को एक अखंडित सत्य की तरह स्वीकार किया| वह हमारे परोक्ष को प्रत्यक्ष से, हमारे विश्वास को व्यवहार में बदलना चाहते थे ताकि हम इतिहास में अपने गौरव और अपनी शर्तों पर जी सकें| वह अपने प्रयास में असफल नहीं हुए, हम ही उनकी संभावनाओं तक पहुँचने में असफल रहे, किन्तु जो विकल्प उन्होंने सुझाया था, वह आज भी उतना जीवित और गौरवपूर्ण है, जितना पहले था| वह भारतीय संस्कृति का स्वप्न है जिससे आज समूची मानव-जाति की नियति जुड़ी है| क्या समय रहते हम उसे चुनने का साहस जुटा पायेंगे?

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **समूचे भारतीय यथार्थ को एक _________ सत्य की तरह स्वीकार किया है| रिक्तस्थान को पूरा करें।**

**Ans**

✗ 1. प्रत्यक्ष सत्य को

✗ 2. परोक्ष सत्य को

✓ 3. अखंडित सत्य को

✗ 4. खण्डित सत्य को

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।

गांधीजी ने दोनों को – प्रत्यक्ष को अप्रत्यक्ष से, दृश्य को अदृश्य से, बाह्य को अंतर से जोड़कर भारतीय अनुभव को पूरी समग्रता से जीने का प्रयास किया था| उन्होंने बाह्य को सिर्फ इसलिए नहीं नकारा, कि वह हमारे जीवन का सांसारिक पहलू है, न ही वे अदृश्य से सिर्फ इसलिए सम्मोहित हुए कि उसमें सब-कुछ शाश्वत और पवित्र है, बल्कि उन्होंने समूचे भारतीय यथार्थ को एक अखंडित सत्य की तरह स्वीकार किया| वह हमारे परोक्ष को प्रत्यक्ष से, हमारे विश्वास को व्यवहार में बदलना चाहते थे ताकि हम इतिहास में अपने गौरव और अपनी शर्तों पर जी सकें| वह अपने प्रयास में असफल नहीं हुए, हम ही उनकी संभावनाओं तक पहुँचने में असफल रहे, किन्तु जो विकल्प उन्होंने सुझाया था, वह आज भी उतना जीवित और गौरवपूर्ण है, जितना पहले था| वह भारतीय संस्कृति का स्वप्न है जिससे आज समूची मानव-जाति की नियति जुड़ी है| क्या समय रहते हम उसे चुनने का साहस जुटा पायेंगे?

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **गांधीजी हमारे परोक्ष को प्रत्यक्ष में, हमारे विश्वास को व्यवहार में बदलना चाहते थे ताकि _________ ?**

**Ans**

✗ 1. हम इतिहास में अपनी इच्छा से जी सकें|

✗ 2. हम इतिहास में अपनी संभावनाओं से जी सकें|

✗ 3. हम इतिहास में अपने अतीत की तरह जी सकें|

✓ 4. हम इतिहास में अपने गौरव और अपनी शर्तों पर जी सकें |

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।

गांधीजी ने दोनों को – प्रत्यक्ष को अप्रत्यक्ष से, दृश्य को अदृश्य से, बाह्य को अंतर से जोड़कर भारतीय अनुभव को पूरी समग्रता से जीने का प्रयास किया था| उन्होंने बाह्य को सिर्फ इसलिए नहीं नकारा, कि वह हमारे जीवन का सांसारिक पहलू है, न ही वे अदृश्य से सिर्फ इसलिए सम्मोहित हुए कि उसमें सब-कुछ शाश्वत और पवित्र है, बल्कि उन्होंने समूचे भारतीय यथार्थ को एक अखंडित सत्य की तरह स्वीकार किया| वह हमारे परोक्ष को प्रत्यक्ष से, हमारे विश्वास को व्यवहार में बदलना चाहते थे ताकि हम इतिहास में अपने गौरव और अपनी शर्तों पर जी सकें| वह अपने प्रयास में असफल नहीं हुए, हम ही उनकी संभावनाओं तक पहुँचने में असफल रहे, किन्तु जो विकल्प उन्होंने सुझाया था, वह आज भी उतना जीवित और गौरवपूर्ण है, जितना पहले था| वह भारतीय संस्कृति का स्वप्न है जिससे आज समूची मानव-जाति की नियति जुड़ी है| क्या समय रहते हम उसे चुनने का साहस जुटा पायेंगे?

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **'प्रत्यक्ष' शब्द में किस संधि का प्रयोग हुआ है?**

**Ans**

✓ 1. यण स्वर संधि

✗ 2. गुण स्वर संधि

✗ 3. दीर्घ स्वर संधि

✗ 4. वृद्धि स्वर संधि